दैनिक जागरण 21/09/2024

लघुनाटिका के माध्यम से की मतदान के लिए अपील

हर्बल पार्क में मतदान के प्रति जागरूक करते जीएमन कालेज की छात्राएं।

जासं ● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी की स्वीप कमेटी द्वारा चुनाव जागरूकता संबंधी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हर्बल पार्क अंबाला सिटी में जीएमएन कालेज के विद्यार्थियों द्वारा हुआ यह अभियान इसी श्रृंखला का एक भाग है। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त तथा स्वीप अध्यक्षा डा. सीमा कंसल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से हर्बल पार्क अंबाला सिटी में चुनावों को देखते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जनमानस को मतदान के महत्व के बारे में समझाया गया। नाटक देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। डा. कृष्ण कुमार पुनिया ने मतदाता जागरूकता पर लघु नाटिका के सफलतापूर्वक आयोजन पर खुशी जाहिर की एवं लोगों से मतदान के प्रति जागरुकता की अपील की। आयोजन डा. रितु गुप्ता, डा. नियति, प्रियंका ने भूमिका निभाई। उधर, कालेज के विद्यार्थियों ने आर्गेनिक गार्डन तैयार किया है। इस पहल को ईको एवं एसडीजी क्लब से डा. कुलदीप यादव, डा. मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी और डा. अमिता ने संयुक्त रूप से माली सुनील कुमार और गंगा प्रसाद ने इसकी देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।